किट्टी कमेटियों के अवैध संचालन पर रोक लगाये जाने की मांग।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक खाई में गिरा, दो लोगों की मौत

**(संवाददाता)** देहरादून। कोटद्वार में कोटसैंण से कोटद्वार जा रहा ट्रक बीती देर रात सैंधीखाल के पास 100 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से कोटद्वार के बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 12 बजे पुलिस को खाई में गिरे ट्रक में तीन लोगों के फंसे होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही एसआई जयपाल राणा समेत रेस्क्यू टीम मौके के लिए रवाना हुई। हादसे में रमेश बलूनी और हरेंद्र गुंसाई की मौत हो गई। जबकि सुबह चार बजे घायल कमल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**(संवाददाता)** देहरादून। कैंट थाने की पुलिस ने कमेटी के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी में शामिल गैंग के एक अन्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इंस्पेक्टर कैंट नदीम अतहर ने बताया सिंह इंटरप्राइजेज नामक कंपनी में निवेश के नाम पर कई महिलाओं से लाखों की ठगी की शिकायत की गई थी। इसके बाद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई तो पता चला कि आरोपितों ने सिंह इंटरप्राइजेज के नाम पर एक फर्जी कंपनी खोली। लोगों ने रकम वापस की मांग की तो आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद लोगों खासकर महिलाओं को इसमें निवेश कर दोगुनी रकम का झांसा दिया। बाद में आरोपित कंपनी बंद कर लाखों रुपये लेकर फरार हो गए।

### नेहरु, इन्दिरा से भी ज्यादा लोकप्रिय पीएम हैं नरेन्द्र मोदीः गणेश जोशी

**(संवाददाता)** देहरादून। देहरादून के राजपुर स्थित स्वामी रामतीर्थ मिशन में भारतीय जनता पार्टी मसूरी विधानसभा क्षेत्र के मसूरी मण्डल की कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए मसूरी विधायक गणेश जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर बैठक का उद्घाटन किया। कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छों से स्वागत के बाद विधायक गणेश जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकप्रियता के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नेहरु और इन्दिरा से कही अधिक हैं। उन्होनें कहा कि 06 जुलाई से 11 अगस्त तक (37 दिन) चलने वाले सदस्यता अभियान में प्रत्येक बूथ पर 100 सदस्य बनाये जाने अनिवार्य हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी सरकार का बजट दिशाहीन

**आरोप**

■ कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने बजट को विकास अवरोधी व महंगाई बढ़ाने वाला बताया

देहरादून। **सवांददाता**

उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिह ने केन्द्र की मोदी सरकार के आम बजट को दिशाहीन, प्रतिगामी, विकास अवरोधी तथा आम आदमी के हितों के खिलाफ महंगाई बढ़ाने वाला बजट बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने केन्द्रीय आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने अपनी हठधर्मिता का परिचय देते हुए जो बजट प्रस्तुत किया है वह दिशाहीन, प्रतिगामी, विकास विरोधी, मंहगाई बढ़ाने वाला तथा देश की आर्थिक वृद्धि पर चोट पहुंचाने वाला बजट है।

देश के वित्त मंत्री ने बजट में आंकडों की बाजीगरी कर घुमाकर नाक पकड़ने का काम किया है। कोरी घोषणाओं व जुमलेबाजी वाले बजट में वित्तीय प्रबन्धन का नितांत अभाव है तथा इस बजट से मंहगाई बढ़ने के साथ ही आम आदमी के सिर पर बोझ बढेगा। बजट के प्रावधानों से विकास दर दहाई का आंकडा भी नहीं छू पायेगी और न ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रीतम सिंह ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट में मात्र कोरी घोषणाओं का अंबार लगाया गया है परन्तु उन्हें पूरा करने के लिए पैसा कहां से आयेगा इसका कोई उल्लेख नहीं है। बजट में आम जनता को मंहगाई से निजात दिलाने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है उल्टा पेट्रोल–डीजल के दामों में 1 रूपया अतिरिक्त सेस लगाकर मंहगाई को बढ़ाने का काम किया है।

**बजट में किसी प्रकार की बडी राहत नही**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने केन्द्र सरकार के आम बजट को पूॅजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स छूट के किसी भी स्लैब मे कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है जिससे कर्मचारियों को टैक्स छूट के रूप में कोई भी लाभ नहीं मिल पायेगा। महिलाओं, किसानों, बेरोजगार नौजवानों के लिए इस बजट में कोई विशेष प्रावधान नजर नही आता है। रोजगार के सृजन तथा महिलाओं के सशक्तीकरण एवं सम्मान की बात केवल मोदी सरकार की लच्छेदार भाषणों का हिस्सा मात्र है।

### हरेला पर्व पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाय

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि हरेला पर्व के अवसर पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाय। रिस्पना के पुनर्जीवीकरण के लिए जो भी वृक्षारोपण किये जा रहे हैं, उनकी सुरक्षा की भी पूरी व्यवस्था की जाय। इसके लिए पूरे समर्पण भाव से कार्य किये जाय। उन्होंने रोपित किये जाने वाले पौधों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम गठित करने के निर्देश भी दिये।

त्रिवेन्द्र ने कहा कि वृक्षारोपण व उनके संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशेषज्ञों से भी राय ली जाय। पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण व उनके संरक्षण में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाय। दून के शहरी क्षेत्र में जो वृक्षारोपण किया जा रहा है।

# केंद्रीय बजट है संतुलित व समावेशी आम बजट : सीएम

**सराहना**

मजबूत देश के लिए मजबूत नागरिक की संकल्पना को दर्शाता है यह बजट

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने संतुलित, समावेशी और विकासपरक बजट पेश करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट, मजबूत देश के लिए मजबूत नागरिक की संकल्पना को दर्शाता है। लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की रूपरेखा रखी गई है। आम जन के कल्याण की योजनाओं के साथ–साथ देश में इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती और उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया है। पांच साल में बुनियादी सुविधाओं पर 100 लाख करोड़ खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में गांव, गरीब और किसान के कल्याण पर खास ध्यान दिया गया है। हर घर शौचालय व हर व्यक्ति को घर के बाद अब हर घर नल का लक्ष्य रखा गया है। 45 लाख रुपए तक के घर पर ब्याज में 3.5 लाख रुपए की छूट का प्रावधान कर मध्यम वर्ग को राहत दी गई है।

''यह टीम इंडिया का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ''सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास'' के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, कारीगरों व छोटे उद्यमियों सभी का ध्यान रखने वाला बजट है। इसमें 'मजबूत देश के लिए मजबूत नागरिक' पर विशेष बल दिया गया है।

वर्तमान में क्रय शक्ति समानता के आधार पर दुनिया की तीन ट्रिलियन डॉलर की तीसरी सबसे बड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे ले जाना वाला बजट है। इसमें रोजगार सृजन के लिए निवेश को प्रोत्साहित किया गया है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में 17 आईकानिक टूरिस्ट डेस्टीनेशन विकसित किए जाएंगे। इससे निश्चित रूप पर्यटन को मजबूती मिलेगी। आम आदमी के साथ ही उद्योगों को बढ़ाने और इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास जोर दे रहे हैं।

नए औद्योगिक कोरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा है, उड़ान से छोटे शहरों को हवाई सफर से जोड़ा है। वन नेशन वन ग्रिड व इलेक्ट्रीक वाहनों पर टैक्स छूट स्वागत योग्य है।



सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत।

**छोटे उद्यमियों का विशेष ध्यान रखा गया है**

पीएम कर्मयोगी मानधन योजना से छोटे दुकानदारों को पेंशन का फायदा दिया जाएगा। एमएसएमई से ज्यादा रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। एमएसएमई के लिए अलग पोर्टल बनाया गया है, छोटे मंझोले उद्योगों के लिए 59 मिनट में लोन पास की व्यवस्था की जा रही है। उच्च शिक्षण संस्थाओं की गुणवत्ता सुधारने पर पर भी फोकस किया गया है।

### नारेबाजी को लेकर आमने सामने आए दो संगठन

**(संवाददाता)** देहरादून। दो संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच मामूली मारपीट के बाद बड़ा बवाल होते–होते टल गया। मारपीट करने वालों के समर्थन में दो पक्षों के लोगों के एकत्र होने से टकराव की स्थिति बन गई थी। इनामुल्लाह बिल्डिंग के बाजार आनन–फानन में बंद हो गए, लेकिन पुलिस दोनों पक्षों के बीच दीवार बनकर खड़ी हो गई। पुलिस को तहसील चौक और दर्शनलाल चौक पर जुटे लोगों को लाठियां फटकार कर खदेड़ना पड़ा। काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। पुलिस के प्रयासों से दोपहर को जाकर हालात सामान्य हो सके। शहर में

शुक्रवार को कई संगठनों की तरफ से देश भर में हुई हिंसा के विरोध में प्रदर्शन प्रस्तावित था। सुबह के समय एक संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन की अनुमति न मिलने के कारण जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर पैदल वापस लौट रहे थे। इसी बीच तहसील चौक से दूसरे संगठन से जुड़े बाइक सवार कुछ युवक नारेबाजी करते जा रहे थे। नारेबाजी को लेकर दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं में कहासुनी हो गई।

### फिल्म टकाटक हुई रिलीज

**(संवाददाता)** देहरादून। दून स्थित निर्माता और संस्थापक पर्पल बुल एंटरटेनमेंट ओम प्रकाश भट्ट की मराठी फिल्म 'टकाटक' पूरे भारत में 28 जून को रिलीज हुई।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।